# MAHARAJA SUHEL DEV UNIVERSITY
# AZAMGARH





## ADMISSION BROCHURE
## 2025-26













**FOR COURSES: B.A., B.Sc, B.Com. B.B.A., BCA, B.F.A., M.A., M.Sc., Master Visual Art, M.Com., M.Sc. Agricultural Econ., M.Sc Agri Business Mgmt, M.Sc. Food Sci. & Tech., Bachelor of Engineering, and P.G. Diploma Courses**

**For Details Please Visit : https://msdsu.ac.in/**



"या कुन्देन्दुतुषारहार धवला या शुभ्रवस्त्रारिता।
या वीणावरदण्डमण्डितकरा सा ब्रह्मचारिणी॥"

# Maharaja Suhel Dev



# कुलगीत

हमारी आन का मंदिर, हमारी शान का मंदिर ।
सुहेल देव विश्वविद्यालय, समुन्नत ज्ञान का मंदिर ।।

सुसंस्कृत ज्ञान हो विकसित, परम यह ध्येय शुभ पावन।
खुलें नव द्वार शिक्षा के, रुचिर संदेश मनभावन ।।
विविध विधाओं के हितकर, उत्थान का मंदिर ।। सुहेल देव |01|

पुरा तथा अधुनातन का, सामंजस्य बनाने वाला।
शाश्वत ज्ञान-दीप यह, तिमिराज्ञान मिटाने वाला।।
वाणिज्य-कला-कृषि-कम्प्यूटर विज्ञान का मंदिर।। सुहेल देव |01|

दत्तात्रेय - चन्द्रमा ऋषि की तपोभूमि यह न्यारी ।
दुर्वासा जी, भँवरनाथ का, दिव्यधाम शुभकारी ।।
सत्यं, शिवं, सुन्दरम् के, अवधान का मंदिर।। सुहेल देव |01|

'चरणपादुका गुरुद्वारा' है, सिक्ख धाम अति न्यारा।
पद्म विभूषण छन्नूलाल जी, हैं संगीत सितारा ।।
शिब्ली साहब के बुलंद, अरमान का मंदिर।। सुहेल देव |01|

ललित गीत कैफ़ी साहब के, नूर मुहम्मद बानी ।
'गुरुभक्त' की 'नूरजहाँ', 'शैदा' कविता कल्यानी ।।
श्री चन्द्रबली के साहित्यिक, अवदान का मंदिर ।। सुहेल देव |01|

आदि श्लोक 'रामायण' के, इस तमसा-तट पर गढ़े गये।
'प्रियप्रवास', 'हल्दीघाटी' के, छंद यहीं पर पढ़े गये।।
'राहुल' जी की यायावर, आख्यान का मंदिर।। सुहेल देव |01|

यही अयोध्या-मथुरा अपनी, यही है, काबा-काशी ।
पावन यही त्रिवेणी अपनी, सुचिर लोक-विश्वासी ।।
सुहेल देव जी के पौरुष - बलिदान, का मंदिर।। सुहेल देव |01|

# हमारी मार्गदर्शक



**कुलाधिपति**
**श्रीमती आनंदीबेन पटेल**
**महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश**

# Maharaja Suhel Dev University, Azamgarh

(Established under the Uttar Pradesh State Universities Act, 1973)




## VISION

"To develop humans with global competencies to serve the society, nation and the world in diverse fields of human needs by providing high quality education integrated with the approaches of Bharatiya knowledge system."

## MOTTO

"ज्ञानं संस्कृतिः विकासाच्या परमो ध्येय।"

(ज्ञान, संस्कृति और विकास — यही परम ध्येय हैं।)

## MISSION

"To build and develop the University with high national and international standards in minimum possible time and to create an environment so that the University is highly placed nationally and internationally in terms of effective governance and high-quality education with research and innovations."

# विश्वविद्यालय: एक परिचय

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ की स्थापना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपने राज-पत्र अधिसूचना संख्या- 1446/79-वी-1-19-1(के)-3-19, लखनऊ, दिनांक 5 अगस्त 2019 के माध्यम से की गई थी। अधिसूचना संख्या- 610/सत्तर-1-2021-16 (74) 2018 टीसी, लखनऊ, दिनांक 28 अप्रैल 2021 के अनुपालन में विश्वविद्यालय का प्रथम शैक्षणिक सत्र 2021-2022 से प्रारम्भ किया गया। यह राज्य सरकार का विश्वविद्यालय है जिसका आवासीय परिसर आजमगढ़ में है और संबद्ध कॉलेज उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में आजमगढ़ और मऊ दो जिलों में फैले हुए हैं। वर्तमान में महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय आजमगढ़ से 468 महाविद्यालय संबद्ध हैं, जिनमें 14 अनुदानित अशासकीय महाविद्यालय, 4 राजकीय महाविद्यालय और 450 स्व-वित्तपोषित महाविद्यालय शामिल हैं ।

आजमगढ़ एक सांस्कृतिक रूप से समृद्ध ऐतिहासिक शहर है। आजमगढ़ कमिश्नरी और जिला मुख्यालय है जो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से लगभग 260 किमी (लगभग 3 घंटे की दूरी) पूर्व में स्थित है तथा तीन मुख्य राजमार्गों, लखनऊ और बलिया के बीच पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गोरखपुर (106 किमी) और वाराणसी (95 किमी) मार्ग के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-24 और आजमगढ़ और बलिया के बीच राजमार्ग से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। आजमगढ़ में विश्वविद्यालय गाजीपुर रोड (समेदा रोडवेज वर्कशॉप) से 2.4 किमी. के चार लेन मार्ग से जुड़ा है।

विश्वविद्यालय आवासीय एवं सम्बद्धता प्रकृति का है। आवासीय प्रकृत्यानुसार विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न संकायों में स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा तथा पी. एच-डी. पाठ्यक्रमों के चलाने की सुविधा है । सत्र 2024-25 से विश्वविद्यालय में छात्र/छात्रों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध हो गयी है तथा सभी प्रायोगिक पाठ्यक्रमों में आधुनिक एवं सुसज्जित प्रयोगशालाओं की स्थापना हो चुकी है | विश्वविद्यालय में एक अत्याधुनिक वाई-फाई सुविधायुक्त पुस्तकालय भी उपलब्ध है जिसकी क्षमता में विस्तार किया जा रहा है |

विश्वविद्यालय मे विगत सत्रों से कला, वाणिज्य, विज्ञान एवं प्रबंधन संकायों में 25 स्नातकोत्तर व एक स्नातक पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप नियमित रूप से संचालित किये जा चुके हैं । विश्वविद्यालय अपने नवनिर्मित आधुनिकतम परिसर में वर्तमान सत्र 2025-26 से बी. ई. /बी. टेक / बी.सी.ए. / पी. जी. डिप्लोमा के नए पाठ्यक्रम भी शुरू कर रहा है। इस सत्र से संचालित किये जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों का विस्तृत विवरण इस विवरणिका में आगे दिया गया है । विश्वविद्यालय राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अकादमिक छवि कायम करने के लिए कटिबद्ध है ।





# सन्देश



अत्यंत हर्ष का विषय है कि नवस्थापित एवं नवनिर्मित महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के शैक्षणिक सत्र- 2023-24 से 17 विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तथा प्रबंधन में स्नातक पाठ्यक्रम (बी.बी.ए.) प्रारंभ करके अब सत्र 2025-26 से विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक के बी.ए. में 9 विषय (अंग्रेजी, हिन्दी, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र और गृह विज्ञान ), बी.एस-सी. में 6 विषय (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं कंप्यूटर साइंस) और वाणिज्य (बी. कॉम.), ललित कला (B.F.A.), बी.बी.ए.(B.B.A.), बी.सी.ए.(B.C.A.) के स्नातक पाठ्यक्रमों के साथ सत्र 2025-26 से स्नातक में तकनीकी एवं इंजीनियरिंग के तीन ब्रांचों बी.इ. कंप्यूटर साइंस, बी.इ. कंप्यूटर साइंस (डाटा साइंस) एवं बी.इ. कंप्यूटर साइंस (ए. आई. एंड मशीन लर्निंग) की संस्तुति AICTE से प्राप्त होकर संचालित होने जा रहे हैं ।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2025-26 से ही स्नातकोत्तर डिप्लोमा के 5 विषयों (पी. जी. डिप्लोमा पत्रकारिता एवं जनसंचार(PGDJMC), पी. जी. डिप्लोमा खाद्य पोषण एवं अहारिकी(PGDFND), पी. जी. डिप्लोमा मार्गदर्शन एवं परामर्श(PGDGC), पी. जी. डिप्लोमा व्यवसाय प्रबंधन(PGDBM), पी. जी. डिप्लोमा आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन(PGDHTM) ) प्रारम्भ होने जा रहे हैं ।

विश्वविद्यालय परिसर में स्नातकोत्तर के भी कुल 25 विषयों यथा कला संकाय में 11 विषयों ( अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंप्रेषण और दृश्य कला), विधि संकाय में एल.एल.एम., एम.कॉम., विज्ञान संकाय के 9 विषय (गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र, खाद्य विज्ञानं एवं प्रोद्योगिकी, इंटेग्रेटिव साइंस एवं कंप्यूटर साइंस), स्नातकोत्तर प्रबंधन में दो पाठ्यक्रमों (आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन, कृषि व्यवसाय प्रबंधन) संचालित हो रहे हैं ।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शिक्षण एवं शोध कार्य (स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी-एच. डी.) सम्पन्न करने हेतु 11 संकायों के अन्तर्गत 30 शैक्षणिक विभागों की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों के अनुरूप प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 210 पद स्वीकृत किये गये हैं जिन पर नियुक्ति हेतु आवेदन प्राप्त किया जा रहा है ।

विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन, पुलिस चौकी, विद्युत केंद्र, एस.टी.पी. प्लांट, आवासीय भवनों आदि के अतिरिक्त छात्र-छात्राओं के कक्षाएं संचालन हेतु दो शैक्षणिक भवन, पुरुष व महिला छात्रावास एवं भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गृह विज्ञान, भूगोल, मनोविज्ञान तथा फूड साइंस की अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी हैं | विधि छात्रों हेतु मूट कोर्ट, अत्याधुनिक मीडिया केंद्र एवं उच्चस्तरीय डिजिटलाइज्ड पुस्तकालय की स्थापना की जा चुकी है । विश्वविद्यालय में शोध-कार्य के अंतर्गत सत्र 2023-24 कीप्रवेश एवं कोर्स-वर्क की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं तथा 2024-25 के लिए पी-एच.डी. प्रवेश प्रारंभ हो चुकी है | विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों को पठन-पाठन एवं शोध कार्य हेतु अनुशासनप्रिय, गुणवत्तापरक, हरा-भरा एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने हेतु कटिबद्ध है । विश्वविद्यालय अपनी प्रशासनिक एवं अकादमिक गतिविधियों में पारदर्शिता, गुणवत्ता, समयबद्धता एवं डिजिटलाइजेशन/राज्य सरकार द्वारा निर्देशित समर्थ पोर्टल के उपयोग हेतु कृत संकल्प है । मैं विश्वविद्यालय में नवागत छात्र-छात्राओं का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ ।


( संजीव कुमार )
कुलपति

# MSDU में अध्ययन




महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आज़मगढ़ एक नवस्थापित शैक्षणिक संस्थान है, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह विश्वविद्यालय एक उभरते हुए ज्ञान केंद्र के रूप में उत्कृष्टता और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने की आकांक्षा रखता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, यह संस्थान एक जीवंत शैक्षणिक वातावरण की आधारशिला रख रहा है। विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों की शुरुआत की जा रही है, जो छात्रों के भविष्य के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और संस्कार प्रदान करने के लिए तैयार किए गए हैं। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध आज़मगढ़ में स्थित यह विश्वविद्यालय एक ऐसा मंच बनने की ओर अग्रसर है, जहाँ नवीन विचार, विविध दृष्टिकोण और स्थानीय आकांक्षाएँ एक साथ आकर एक गतिशील शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करती हैं।











# MSDU में अध्ययन


ACADEMIC
BLOCK-01
कला एवं वाणिज्य- काय
महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय
आजमगढ़


ACADEMIC
BLOCK-02
विज्ञान- संकाय




बालिका छात्रावास
GIRLS HOSTEL









# विषय सूची


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रवेश प्रक्रिया से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
| 2 | शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश सम्बन्धी सूचना | |
| 3 | स्नातक पाठ्यक्रम-सीटों की संख्या एवं अर्हता | |
| 4 | स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम-सीटों की संख्या एवं अर्हता | |
| 5 | विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु शुल्क संरचना | |
| 6 | आरक्षण | |
| 7 | भारांक | |
| 8 | अन्य सामान्य नियम व अनुदेश | |
| 9 | एंटी रैगिंग शपथ-पत्र का प्रारूप | |

## प्रवेश प्रक्रिया से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ
## (Important Dates related to Admission Process)

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ | अंतिम |
|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय के स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करना। | 14-05-2025 | 25-06-2025 |
| 2 | फॉर्म सुधार/शैक्षणिक योग्यता की पुनः प्रविष्टि | 20-05-2025 | 30-06-2025 |
| 3 | ऑनलाइन मेरिट सूची जारी करने की तिथि | 26-06-2025 | 05-07-2025 |
| 4 | स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में कॉउन्सलिंग(ऑफ लाइन)/प्रवेश की तिथि | 01-07-2025 | 10-07-2025 |
| 5 | विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों के अध्ययन-अध्यापन/कक्षारम्भ की तिथि | 14-07-2025 | |

## शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश संबंधित सूचना

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विश्वविद्यालय में संचालित होने जा रहे स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से दिनांक 14-05-2025 से 25-06-2025 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं ।

## आवेदन पत्र भरने हेतु सामान्य निर्देश

- प्रवेश हेतु निर्धारित ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsuadm.samarth.edu.in/index.php, www.msdsu.ac.in पर दिये गये समस्त निर्देशों को भली भांति पढ़कर उसका पालन करते हुए आवेदन-पत्र में सभी प्रविष्टियां सावधानीपूर्वक भरें ।
- ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने से पूर्व नवीनतम फोटो एवं हस्ताक्षर स्कैन करके अपने पास पेन ड्राइव या अन्य तरीके से सुरक्षित रख लें । ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय इसकी आवश्यकता होगी ।
- अभ्यर्थी एक ही पंजीकरण से कई विषयों के लिए आवेदन कर सकता है परन्तु प्रत्येक विषय के लिए 300 रूपये का आवेदन शुल्क जमा करना होगा।
- विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 से संचालित होने जा रहे स्नातक/डिप्लोमा/स्नातकोत्तर/विषयों में प्रवेश इन्टरमीडिएट व स्नातक परीक्षा के प्राप्तांक से बनी मेरिट/प्रवेश परीक्षा के आधार पर सम्पन्न किया जाएगा । बी. ई./बी. टेक/बी.सी.ए. में प्रवेश उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय से काउंसलिंग प्रक्रिया के अनुसार होगा यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों से मेरिट/प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश लिया जाएगा ।
- स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए योग्यता प्रदायी परीक्षा (इन्टरमीडिएट/ स्नातक) में न्यूनतम 45% अंक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 40% अंक प्राप्त होना आवश्यक है। एल.एल.एम. के लिए न्यूनतम अंक क्रमशः 50% एवं 45% होंगे ।
- जिन विषय में कुल आवेदन मूल सीट से 3 गुणा या उससे अधिक होगा उसमें प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश सुनिश्चित किया जायेगा । प्रवेश परीक्षा की सूचना समयानुसार विश्वविद्यालय के अधिकारिक वेबसाइट पर दी जायेगी।
- बी. ई./बी. टेक पाठ्क्रमों में प्रवेश ए. के. टी. यू. उ.प्र. से काउन्सिलिंग के उपरान्त विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे । ऐसे अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय में पूर्व आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है । काउन्सलिंग के उपरांत ऐसे अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा ।
- विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 से संचालित होने जा रहे स्नातकोत्तर के 24 विषयों में प्रवेश स्नातक परीक्षा के प्राप्तांक से बनी मेरिट/प्रवेश परीक्षा के आधार पर सम्पन्न किया जाएगा । विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हता पाठ्यक्रम विवरण के साथ आगे के पृष्ठ पर दी गयी है ।

- सत्र 2024-25 में स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राएं सत्र 2025-26 के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं जिसके लिए उन्हें आवेदन-पत्र में Appearing अभ्यर्थी के रूप में आवेदन करना होगा और साथ ही निर्धारित तिथियों में अपने स्नातक परीक्षा के प्राप्तांक अनिवार्य रूप से अपलोड अथवा प्रस्तुत करने होंगे करने होंगे अन्यथा उन्हें काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। Appearing अभ्यर्थियों के स्नातक अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम उनके विश्वविद्यालय से जारी न होने की स्थिति में प्रवेश प्रक्रिया न ही रोकी जाएगी और न ही विलम्बित की जाएगी। महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ इसके लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
- अभ्यर्थी के विश्वविद्यालय में प्रवेश के उपरांत विषय मे कोई परिवर्तन नहीं होगा।
- अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश हेतु जमा किया गया आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। किसी विषय में प्रवेश लेने के पश्चात् प्रवेश अथवा अन्य शुल्क न तो वापस किया जायेगा और न ही अन्य किसी पाठ्यक्रम में स्थानान्तरित किया जायेगा।
- प्रवेश हेतु काउंसलिंग के लिए मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsuadm.samarth.edu.in/index.php, www.msdsu.ac.in पर जारी की जाएगी।
- प्रवेश लेते समय अभ्यर्थी को स्थानान्तरण/प्रवजन प्रमाण-पत्र तथा एंटी रैगिंग शपथ-पत्र अनिवार्यतः जमा करना होगा। शपथ-पत्र का प्रारूप परिशिष्ट-1 पर अवलोकनीय है।
- विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवश्यक योग्यता आगे सारणी में दी गयी है। प्रायोगिक विषय हेतु अभ्यर्थी को सम्बन्धित विषय में स्नातक होना अनिवार्य है।
- प्रवेश आवेदन प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगी तथा आवेदन शुल्क भी ऑनलाइन जमा किया जायेगा।
- प्रवेश हेतु मेरिट लिस्ट ऑनलाइन जारी होगी। निर्धारित सीटों के सापेक्ष उसी दिन उतनी ही प्रतीक्षा सूची भी जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट के प्रवेश की अंतिम तिथि के बाद प्रतीक्षा सूची वाले छात्रों को प्रवेश हेतु बुलाया जायेगा।
- यदि एक स्थान की रिक्ति हो और दो या उससे अधिक अभ्यर्थियों के मेरिट के अंक बराबर हो तो इंटरमीडिएट के अंकों के आधार पर अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा, यदि इंटरमीडिएट के अंक बराबर हो तो हाईस्कूल के अंकों के आधार पर अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा। यदि हाईस्कूल के अंक भी बराबर हुए हो तो आयु में वरिष्ठ अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।
- विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित अथवा मोबाइल मैसेज द्वारा सूचित तिथि एवं समय पर अभ्यर्थी को कॉउन्सलिंग मे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। किसी प्रकार की मुद्रण त्रुटि के आधार पर अभ्यर्थी किसी प्रकार का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा। प्रवेश / कॉउन्सलिंग के लिए सूचित तिथि, स्थान एवं समय पर समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं निर्धारित शुल्क सहित उपस्थित न होने पर चयनित अभ्यर्थी का प्रवेशाधिकार स्वतः समाप्त हो जायेगा।
- प्रवेश कॉउन्सलिंग के समय अर्हकारी परीक्षा की उत्तीर्णता का अंक-पत्र तथा अन्य मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- प्रवेशार्थी के ऑनलाइन प्रवेश आवेदन-पत्र भरते समय मोबाइल नम्बर एवं ई.मेल. का होना अनिवार्य है, समस्त सूचनाएं ई.मेल. अथवा मैसेज के माध्यम से ही दी जायेगी।

## विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन-

1. विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों का चयन अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप अपनी अर्हता अनुसार करेगा ।
2. विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्र छात्राएं पोर्टल पर उपलब्ध Apply in University Department पर क्लिक करेंगे और अपनी शैक्षणिक योग्यता सहित सम्पूर्ण जानकारी भरेंगे । किसी एक पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं जमा करना होगा और फॉर्म सबमिट हो जायेगा ।
3. आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेकर समस्त संलग्नकों की छायाप्रति के साथ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के प्रवेश सेल में जमा करेंगे ।
4. एक ही पंजीकरण संख्या से छात्र छात्राएं विश्वविद्यालय के कई पाठ्यक्रमों में आवेदन कर सकते है । प्रत्येक अतिरिक्त विषय में आवेदन करने के लिए प्रति अतिरिक्त विषय रु 300.00 का भुगतान करना होगा ।
5. उक्त प्रक्रिया में दी गयी सूचनाओं के लिए अभ्यर्थी स्वंय उत्तरादायी होगा। भविष्य में यदि कोई भी सूचना असत्य पायी जाती है तब उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का ही होगा, और इस दशा में उसका प्रार्थना पत्र/प्रवेश निरस्त करने का अधिकार, विश्वविद्यालय का रहेगा ।
6. विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को समर्थ पोर्टल पर अपने लॉगिन आई0डी0 पर प्रवेश की सूचना प्राप्त हो जायेगी |

## आवेदन शुल्क

किसी भी स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम मे ऑनलाइन पंजीकरण करने हेतु अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन शुल्क रुपये 300/- दिए गए ऑनलाइन पेमेन्ट गेटवे से जमा करना अनिवार्य होगा । इस पंजीकरण शुल्क से अभ्यर्थ किसी एक पाठ्यक्रम में आवेदन कर सकता है | प्रत्येक अतिरिक्त पाठ्यक्रम में आवेदन करने के लिए Rs.300/- का अतिरिक्त भुगतान करना होगा ।

## पाठ्यक्रम विवरण

### (अ) स्नातक पाठ्यक्रम-सीटों की संख्या एवं अर्हता
### (Details of Undergraduate Programs - Number of Seats and Eligibility)

| क्रम संख्या | पाठ्यक्रम | सीट संख्या (EWS सहित) | पाठ्यक्रम विवरण | पाठ्यक्रम अवधि | विषय | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **बी0बी0ए0 / B.B.A.** | 50+05 (EWS) | स्नातक | 3 वर्ष (6 सेमेस्टर) | बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | न्यूनतम 45% अंकों के साथ इंटरमीडिएट/हायर सेकेंडरी (i.e. 10+2) परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) तथा हाई स्कूल परीक्षा गणित विषय के साथ उत्तीर्ण किया हो \| |
| **2** | **बी0 सी0 ए0 / B.C.A.** | 60+06 (EWS) | स्नातक | 3 वर्ष (6 सेमेस्टर) | कंप्यूटर एप्लीकेशन | न्यूनतम 45% अंकों तथा गणित विषय के साथ इंटरमीडिएट/हायर सेकेंडरी (i.e. 10+2) परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) |
| **3** | **स्नातक (ललित कला)/B.F.A .** | 60+6 (EWS) | चार वर्षीय स्नातक (मानद) | 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) | ललित कला | न्यूनतम 45% अंकों के साथ इंटरमीडिएट/हायर सेकेंडरी (i.e. 10+2) परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) |
| | | | चार वर्षीय (मानद शोध सहित ) स्नातक | | | |
| **4** | **स्नातक (कला)/B.A. (Arts)** | 240+ 24 (EWS ) | त्रिवर्षीय स्नातक | 3 वर्ष (6 सेमेस्टर) | अंग्रेजी, हिंदी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान और गृह विज्ञान | न्यूनतम 45% अंकों के साथ सम्बंधित विषय में इंटरमीडिएट/हायर सेकेंडरी (i.e. 10+2) परीक्षा उत्तीर्ण (एससी / एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) |
| | | | चार वर्षीय स्नातक (मानद) | 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) | | |
| | | | चार वर्षीय (मानद शोध सहित ) स्नातक | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | **स्नातक (विज्ञान)/B.Sc. (Science)** | 240+24 (EWS) | त्रिवर्षीय स्नातक | 3 वर्ष (6 सेमेस्टर) | भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और संगणक विज्ञान (Computer Science) | न्यूनतम 45% अंकों के साथ सम्बंधित विषय में इंटरमीडिएट/ हायर सेकेंडरी (i.e. 10+2) परीक्षा उत्तीर्ण (एसी /एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) |
| | | | चार वर्षीय स्नातक (मानद) | 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) | | |
| | | | चार वर्षीय (मानद शोध सहित ) स्नातक | | | |
| 6 | **स्नातक (वाणिज्य)/ B.Com.** | 120+12 (EWS) | त्रिवर्षीय स्नातक | 3 वर्ष (6 सेमेस्टर) | वाणिज्य | न्यूनतम 45% अंकों के साथ इंटरमीडिएट/हायर सेकेंडरी (i.e. 10+2) परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/ एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) तथा हाई स्कूल परीक्षा गणित विषय के साथ उत्तीर्ण किया हो | |
| | | | चार वर्षीय स्नातक (मानद) | 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) | | |
| | | | चार वर्षीय (मानद शोध सहित ) स्नातक | | | |

## (ब) स्नातक पाठ्यक्रम ( इंजीनियरिंग )-सीटों की संख्या एवं अर्हता
## (Details of Undergraduate (Engineering) Programs - Number of Seats and Eligibility)

| क्रम संख्या | पाठ्यक्रम | सीट संख्या (EWS सहित) | पाठ्यक्रम विवरण | पाठ्यक्रम अवधि | विषय | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **बी.ई. – सी. एस. (B.E. – COMPUTER SCIENCE)*** | 60+06 (EWS) | स्नातक | 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) | बैचलर इन इंजीनियरिंग (कंप्यूटर साइंस ) | न्यूनतम 45% अंकों के साथ भौतिक विज्ञान एवं गणित अनिवार्य विषय तथा रसायन विज्ञान/ इनफार्मेशन प्रक्टिसस / कंप्यूटर साइंस के साथ इंटरमीडिएट / हायर सेकेंडरी (i.e. 10+2) परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक). (प्रवेश UPSEE / विश्वविद्यालय लेवल पर वरीयतानुसार होगा ) |
| 2 | **B.E. – C.S. (Data-Science) *** | 60+06 (EWS) | स्नातक | 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) | बैचलर इन इंजीनियरिंग -कंप्यूटर साइंस ( डेटा साइंस ) | न्यूनतम 45% अंकों के साथ भौतिक विज्ञान एवं गणित अनिवार्य विषय तथा रसायन विज्ञान/ इनफार्मेशन प्रक्टिसस / कंप्यूटर साइंस के साथ इंटरमीडिएट/ हायर सेकेंडरी (i.e. 10+2) परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ). (प्रवेश UPSEE / विश्वविद्यालय लेवल पर वरीयतानुसार होगा ) |
| 3 | **B.E. – C.S. (Artificial Intelligence and Machine Learning) *** | 60+06 (EWS) | स्नातक | 4 वर्ष (8 सेमेस्टर) | बैचलर इन इंजीनियरिंग -कंप्यूटर साइंस (आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग) | न्यूनतम 45% अंकों के साथ भौतिक विज्ञान एवं गणित अनिवार्य विषय तथा रसायन विज्ञान/ इनफार्मेशन प्रक्टिसस / कंप्यूटर साइंस के साथ इंटरमीडिएट/ हायर सेकेंडरी (i.e. 10+2) परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) (प्रवेश UPSEE / विश्वविद्यालय लेवल पर वरीयतानुसार होगा ) |

*** बी.ई./बी.टेक. सीटों पर काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश लिया जाएगा । काउंसलिंग के उपरांत रिक्त सीटों पर विश्वविद्यालय द्वारा मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा ।**

## (स) स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम: सीटों की संख्या एवं अर्हता
## (Details of Undergraduate Programs - Number of Seats and Eligibility)

| क्रम संख्या | पाठ्यक्रम | सीट संख्या (EWS-सहित) | पाठ्यक्रम अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पी.जी. डिप्लोमा - पत्रकारिता एवं जनसंचार (PGDJMC) | 45+5(EWS) * | 1 वर्ष (दो सेमेस्टर) | न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) |
| 2 | पी.जी. डिप्लोमा - खाद्य पोषण एवं आहारिकी (PGDFND) | 45+5(EWS) * | 1 वर्ष (दो सेमेस्टर) | न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) |
| 3 | पी.जी.डिप्लोमा – मार्गदर्शन एवं परामर्श (PGDGC) | 45+5(EWS) * | 1 वर्ष (दो सेमेस्टर) | न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) |
| 4 | पी.जी.डिप्लोमा – व्यवसाय प्रबंधन (PGDBM) | 45+5(EWS) * | 1 वर्ष (दो सेमेस्टर) | न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) |
| 5 | पी.जी.डिप्लोमा –आतिथ्य एवं पर्यावरण प्रबंधन (PGDHTM) | 45+5(EWS) * | 1 वर्ष (दो सेमेस्टर) | न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) |

- आवश्यकता पड़ने पर पी. जी. डिप्लोमा सीट की संख्या 60 तक बढाई जा सकती है |

## (द) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम- सीटों की संख्या एवं अर्हता
## (Details of Post Graduate Programme - Number of Seats and Eligibility)

| क्रम संख्या | पाठ्यक्रम | सीट संख्या (EWS सहित) | पाठ्यक्रम अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एम0ए0-हिन्दी/ M.A.-Hindi | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक उपाधि (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |
| 2 | एम0ए0- संस्कृत/ M.A. Sanskrit | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक उपाधि (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |
| 3 | एम0ए0-अंग्रेजी/ M.A.-English | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक उपाधि (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |
| 4 | एम.ए.-इतिहास/ M.A.-History | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक उपाधि (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |
| 5 | एम0ए0-अर्थशास्त्र/ M.A.-Economics | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक उपाधि (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |
| 6 | एम0ए0- राजनीति विज्ञान/ M.A. Political Science | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक उपाधि (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |
| 7 | एम0ए0- समाजशास्त्र/ M.A. Sociology | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक उपाधि (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |
| 8 | एम0ए0- मनोविज्ञान/ M.A.-Psychology | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों सहित मनोविज्ञान विषय के साथ (3 वर्षीय) स्नातक उपाधि (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |
| 9 | एम0 काम0/ M.Com. | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों के साथ कामर्स मे (3 वर्षीय) स्नातक उपाधि (बी.कॉम) (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |
| 10 | मास्टर इन जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन/ Master in Journalism and Mass Communication | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों के साथ स्नातक उपाधि (एससी/एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | एम0ए0/ एम0एस-सी0- गणित M.A./M.Sc. Mathematics | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों सहित गणित विषय के साथ (3 वर्षीय) स्नातक उपाधि। (एससी / एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |
| 12 | एम0ए0/ एम0एस-सी0- भूगोल M.A./M.Sc. Geography | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों सहित भूगोल विषय में (3 वर्षीय) स्नातक उपाधि। (एससी/ एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक) |
| 13 | एम0एस-सी0- इंटीग्रेटिव साइंस/ M.Sc. Integrative Science | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों के साथ विज्ञान में (प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिकी, गणित, रसायन विज्ञान) में स्नातक उपाधि (एससी/ एसटी के लिए न्यूनतम 40%अंक ) |
| 14 | एम0एस-सी0 -कंप्यूटर विज्ञान/ M.Sc. Computer Science | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों सहित कंप्यूटर विज्ञान विषय के साथ (3 वर्षीय) स्नातक की उपाधि। (एससी/ एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) |
| 15 | एलएल.एम./ L.L.M. | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | न्यूनतम 50% अंकों के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कानून में 3/5 वर्षीय स्नातक उपाधि (एलएल.बी.) (एससी/ एसटी के लिए न्यूनतम 45% अंक ) |
| 16 | एम0 ए0 / एम0 एस-सी0- गृह विज्ञान M.A./M.Sc. Home Science | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 45% अंकों सहित गृह विज्ञान विषय के साथ (3 वर्षीय) स्नातक की उपाधि। (एससी/ एसटी के लिए न्यूनतम 40% अंक ) |
| 17 | एम0 एस-सी0 खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी /M. Sc. Food Science & Technology | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | बी.एस-सी. कृषि/ बी. एस-सी. हॉर्टी./ बी. एस-सी. (ऑनर्स) कृषि/ बी.एस-सी. (ऑनर्स) बागवानी / बी. एस-सी. (ऑनर्स) खाद्य विज्ञान। एवं टेक./ बी. एस-सी. या बी.टेक. खाद्य प्रौद्योगिकी में / बी. एस-सी. (ऑनर्स) फूड न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स/ बी. एस-सी. गृह विज्ञान/ बी. एस-सी. बायोकैमिस्ट्री / माइक्रोबायोलॉजी/बी.टेक के साथ। (कृषि इंजीनियरिंग)/ बी.ई. (खाद्य प्रौद्योगिकी / खाद्य इंजीनियरिंग / खाद्य इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी / खाद्य प्रसंस्करण इंजीनियरिंग / खाद्य प्रौद्योगिकी और प्रबंधन / डेयरी प्रौद्योगिकी / कृषि प्रक्रिया इंजीनियरिंग / कृषि इंजीनियरिंग / खाद्य प्रसंस्करण और प्रबंधन / बी.टेक. (पोस्टहार्वेस्ट) इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी) कुल मिलाकर न्यूनतम 45% अंकों या समकक्ष सीजीपीए के साथ जिसमें एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5% तक की छूट है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18 | एम. एस-सी. (कृषि) कृषि अर्थशास्त्र में/ M. Sc. (Ag) in Agricultural Economics | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | बीएससी एजी (4 वर्ष / बागवानी / कृषि विपणन और सहयोग / वानिकी / बीएससी (ऑनर्स) कृषि / बीएससी डेयरी / बीएससी डेयरी (डेयरी तकनीक) / बी.टेक (डेयरी तकनीक) / बी.वी.एससी. और एएच / बीएससी (पशु विज्ञान) / बी.एफ.एससी. न्यूनतम 45% कुल अंकों या समकक्ष सीजीपीए के साथ जो एससी / एसटी उम्मीदवारों के लिए 5% तक छूट योग्य है । |
| 19 | पेंटिंग में एम.ए./ मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट (एम.वी.ए)/ M.A./Master of Visual Art (M.V.A) in Painting | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 45% अंकों या समकक्ष ग्रेड के साथ ड्राइंग और पेंटिंग में से किसी एक विषय के साथ बी.एफ.ए/बी.वी.ए/बी.ए. (एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5% अंकों की छूट)। |
| 20 | एमबीए आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन (एमबीए-एचटीएम)/MBA Hospitality and Tourism Management (MBA-HTM) | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | किसी भी विषय में स्नातक, न्यूनतम 45% अंकों के साथ डिग्री या समकक्ष सीजीपीए जिसमें एससी/एसटी उम्मीदवारों को 5% तक की छूट है । या लेवल 7 एनएसक्यूएफ प्रमाणपत्र या बी. वोक । |
| 21 | एम0एस-सी0 रसायन विज्ञान / M. Sc. Chemistry | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | बी. एस-सी. / बी. एस-सी. (ऑनर्स) स्नातक के सभी तीन वर्षों में एक विषय के रूप में भौतिक विज्ञान के साथ कुल मिलाकर न्यूनतम 45% अंक या समकक्ष सीजीपीए जिसमें एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5% तक की छूट है। |
| 22 | एम0एस-सी0 भौतिक विज्ञान/ M. Sc. Physics | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | बी. एस-सी. / बी. एस-सी. (ऑनर्स) स्नातक के सभी तीन वर्षों में एक विषय के रूप में भौतिक विज्ञान के साथ कुल मिलाकर न्यूनतम 45% अंक या समकक्ष सीजीपीए जिसमें एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5% तक की छूट है। |
| 23 | एम0एस-सी0 जन्तु विज्ञान/ M. Sc. Zoology | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | बी. एस-सी. / बी. एस-सी. (ऑनर्स) स्नातक के सभी तीन वर्षों में एक विषय के रूप में प्राणि विज्ञान के साथ कुल मिलाकर न्यूनतम 45% अंक या समकक्ष सीजीपीए जिसमें एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5% तक की छूट है। |
| 24 | एम0एस-सी0 वनस्पति विज्ञान /M. Sc. Botany | 30+03=33 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | बी. एस-सी. / बी. एस-सी. (ऑनर्स) स्नातक के सभी तीन वर्षों में एक विषय के रूप में वनस्पति विज्ञान के साथ कुल मिलाकर न्यूनतम 45% अंक या समकक्ष सीजीपीए जिसमें एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 5% तक की छूट है । |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25 | कृषि-व्यवसाय प्रबंधन में एम.बी.ए./M.B.A. in Agri-Business Management | 22+02=22 | 2 वर्ष /4 सेमेस्टर | कृषि या कृषि इंजीनियरिंग/डेयरी विज्ञान/डेयरी प्रौद्योगिकी/ मत्स्य पालन/खाद्य विज्ञान/खाद्य प्रौद्योगिकी / वानिकी / बागवानी / पशु चिकित्सा विज्ञान के संबद्ध विषयों में स्नातक की डिग्री (चार वर्ष) क्रेडिट आधारित पाठ्यक्रम कार्यक्रम के साथ।<br>**या**<br>कृषि या कृषि इंजीनियरिंग/डेयरी विज्ञान/डेयरी प्रौद्योगिकी / मत्स्य पालन / खाद्य विज्ञान / खाद्य प्रौद्योगिकी / वानिकी / बागवानी / पशु चिकित्सा विज्ञान के संबद्ध विषयों में मास्टर डिग्री क्रेडिट आधारित पाठ्यक्रम कार्यक्रम के साथ |

# महाराजा सुहेल देव  विश्वविद्यालय आजमगढ़

## विश्वविद्यालय   परिसर मे संचालित पाठ्यक्रमों के लिए सेमेस्टर के अनुसार निर्धारित शुल्क

## (अकादमिक सत्र 2025-26)

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम का नाम | निर्धारित शुल्क (रुपये में) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम सेमेस्टर | द्वितीय सेमेस्टर | तृतीय सेमेस्टर | चतुर्थ सेमेस्टर | पंचम सेमेस्टर | षष्ठ सेमेस्टर | सप्तम सेमेस्टर | अष्टम सेमेस्टर |
| 1 | बी0 बी0 ए0/ B.B.A. | 7965 | 4700 | 6415 | 4700 | 6415 | 5200 | ----- | ----- |
| 2 | एम0 ए0 हिन्दी/M.A. Hindi | 7315 | 4550 | 6265 | 5050 | --- | --- | ----- | ----- |
| 3 | एम0 ए0 अंग्रेजी/M.A. English | 7315 | 4550 | 6265 | 5050 | --- | --- | ----- | ----- |
| 4 | एम0 ए0 इतिहास / M.A. History | 7315 | 4550 | 6265 | 5050 | --- | --- | ----- | ----- |
| 5 | एम0 ए0 अर्थशास्त्र/M.A. Economics | 7315 | 4550 | 6265 | 5050 | --- | --- | ----- | ----- |
| 6 | एम0 ए0 राजनीति विज्ञान/M.A. Political Science | 7315 | 4550 | 6265 | 5050 | --- | --- | ----- | ----- |
| 7 | एम. ए. समाजशास्त्र/M.A. Sociology | 7315 | 4550 | 6265 | 5050 | --- | --- | ----- | ----- |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | एम0 ए0 मनोविज्ञान/ M.A. Psychology | 8715 | 5450 | 7165 | 5950 | --- | --- | ----- | ----- |
| 9 | एम0 काम0 /M.Com. | 7315 | 4550 | 6265 | 5050 | --- | --- | ----- | ----- |
| 10 | मास्टर इन जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन/Master in Journalism and Mass Communication | 9715 | 6450 | 8165 | 6950 | --- | --- | ----- | ----- |
| 11 | एम0 ए0 / एम0 एस-सी0 गणित M.A./M.Sc. Mathematics | 10115 | 6350 | 8065 | 6850 | --- | --- | ----- | ----- |
| 12 | एम0ए0 भूगोल /M.A. Geography | 8715 | 5450 | 7165 | 5950 | --- | --- | ----- | ----- |
| 13 | मास्टर इन विजुअल आर्ट M.A. IN VISUAL ART | 8715 | 5450 | 7165 | 5950 | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 14 | एम0 एस-सी0 इंटीग्रेटिव साइस M.Sc. Integrative Science | 10115 | 6350 | 8065 | 6850 | --- | --- | ----- | ----- |
| 15 | एम0 एस सी0 कंप्यूटर साइंस/ M.Sc. Computer Science | 10115 | 6350 | 8065 | 6850 | --- | --- | ----- | ----- |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | एल.एल. एम./ L.L.M. | 7515 | 4750 | 6465 | 5250 | --- | --- | ----- | ----- |
| 17 | एम. ए./ एम. एस-सी. गृह विज्ञान/ M.A./M.Sc. Home Science | 8715 | 5450 | 7165 | 5950 | --- | --- | ----- | ----- |
| 18 | एम0 एस-सी0 खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी M. Sc. Food Science & Technology | 11515 | 8550 | 9465 | 11050 | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 19 | एम. एससी. (कृषि) कृषि अर्थशास्त्र /M. Sc. (Ag) in Agricultural Economics | 11415 | 7450 | 9365 | 10950 | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 20 | पेंटिंग में एम.ए./ मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट (एम.वी.ए) M.A./Master of Visual Art (M.V.A) in Painting | 8715 | 5450 | 7165 | 5950 | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 21 | आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन में मास्टर ऑफ वोकेशन (एचटीएम में एम.वोक.)Master of Vocation in Hospitality & Tourism Management (M.Voc. in HTM) | 21050 | 17085 | 20000 | 17585 | ----- | ----- | ----- | ----- |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | एम0 एस-सी0 रसायन विज्ञान/M. Sc. Chemistry | 10115 | 6350 | 8065 | 6850 | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 23 | एम 0 एस-सी0 भौतिक विज्ञान/M. Sc. Physics | 10115 | 6350 | 8065 | 6850 | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 24 | एम0 एस-सी0 जन्तु विज्ञान/M. Sc. Zoology | 10115 | 6350 | 8065 | 6850 | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 25 | एम0 एस-सी0 वनस्पति विज्ञान/ M. Sc. Botany | 10115 | 6350 | 8065 | 6850 | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 26 | कृषि-व्यवसाय प्रबंधन में एम.बी.ए./M. B. A. in Agri-Business Management | 18515 | 17550 | 16465 | 19050 | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 27 | स्नातक- त्रिवर्षीय (कला- प्रायोगिक रहित)/B.A.- THREE YEAR (Arts- WITHOUT PRACTICAL) | 6365 | 3600 | 5315 | 3600 | 5315 | 4100 | ----- | ----- |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | स्नातक- त्रिवर्षीय (कला- प्रायोगिक सहित) B.A.- THREE YEAR (Arts- WITH PRACTICAL) | 7265 | 4500 | 6215 | 4500 | 6215 | 5000 | ----- | ----- |
| 29 | स्नातक- चार-वर्षीय (कला- प्रायोगिक रहित) B.A.- FOUR-YEAR (Arts- WITHOUT PRACTICAL) | 6365 | 3600 | 5315 | 3600 | 5315 | 3600 | 5315 | 4100 |
| 30 | स्नातक- चार-वर्षीय (कला- प्रायोगिक सहित) B.A.- FOUR-YEAR (Arts- WITH PRACTICAL) | 7265 | 4500 | 6215 | 4500 | 6215 | 4500 | 6215 | 5000 |
| 31 | स्नातक (विज्ञान) - त्रिवर्षीय/ B.Sc. (Science) THREE YEAR | 9165 | 5400 | 7115 | 5400 | 7115 | 5900 | ----- | ----- |
| 32 | स्नातक (विज्ञान) - चार-वर्षीय/ B.Sc. (Science) FOUR YEAR | 9165 | 5400 | 7115 | 5400 | 7115 | 5400 | 7115 | 5900 |
| 33 | स्नातक (ललित कला ) B.F.A. | 9165 | 5400 | 7115 | 5400 | 7115 | 5400 | 7115 | 5900 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | स्नातक (वाणिज्य ) - त्रिवर्षीय/ B.Com | 8165 | 5400 | 7115 | 5400 | 7115 | 5900 | ----- | ----- |
| 35 | बैचलर ऑफ़ कंप्यूटर एप्लीकेशन B.C.A. | 9165 | 5400 | 7115 | 5400 | 7115 | 5900 | ----- | ----- |
| 36 | बैचलर ऑफ़ इंजीनियरिंग कंप्यूटर साइंस B.E. Computer Science | 48600 | 46430 | 46550 | 46430 | 46550 | 46430 | 46550 | 46930 |
| 37 | बैचलर ऑफ़ इंजीनियरिंग कंप्यूटर साइंस (डाटा साइंस) B.E. Computer Science (Data Science) | 48600 | 46430 | 46550 | 46430 | 46550 | 46430 | 46550 | 46930 |
| 38 | बैचलर ऑफ़ इंजीनियरिंग (ए. आई. एंड मशीन लर्निंग) B.E. Computer Science (AI & ML) | 48600 | 46430 | 46550 | 46430 | 46550 | 46430 | 46550 | 46930 |
| 39 | स्नातक (वाणिज्य ) - चार-वर्षीय B.Com | 8165 | 5400 | 7115 | 5400 | 7115 | 5400 | 7115 | 5900 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | पी.जी. डिप्लोमा - पत्रकारिता एवं जनसंचार PGDJMC | 18500 | 17000 | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 41 | पी.जी. डिप्लोमा - खाद्य पोषण एवं आहारिकी PGDFND | 18500 | 17000 | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 42 | पी.जी.डिप्लोमा – मार्गदर्शन एवं परामर्श PGDGC | 18500 | 17000 | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 43 | पी.जी.डिप्लोमा – व्यवसाय प्रबंधन PGDBM | 16000 | 14500 | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- |
| 44 | पी.जी. डिप्लोमा – आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन PGDHTM | 16000 | 14500 | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- | ----- |

नोटः

1. उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त प्रत्येक सेमेस्टर के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क अलग से जमा करना होगा ।

2. विभिन्न स्नातक/स्नातकोत्तर विषयों के पाठ्यक्रम में यथानिर्धारित प्रोजेक्ट/लघु शोध/शैक्षणिक भ्रमण आदि शुल्क उससे सम्बंधित सेमेस्टर में जमा करनी होगी ।

3. उपाधि शुल्क, अनुमति शुल्क व पंजीकरण शुल्क (छात्र/छात्राओं के लिए) उपरोक्त शुल्क से अलग से जमा करना होगा जो क्रमशः अंतिम सेमेस्टर/पुनः प्रवेश के समय जमा होगा ।

4. विश्वविद्यालय छात्रावास की सुविधा उपयोग करने पर छात्रावास हेतु निर्धारित शुल्कों को अलग से जमा करना होगा जिसका विवरण विश्वविद्यालय में उपलब्ध है ।

5. शुल्क संरचना को विश्वविद्यालय या उत्तर प्रदेश सरकार के उचित प्राधिकारी के अनुमोदन के आधार पर संशोधित किया जा सकता है ।

6. एक बार जमा किया गया शुल्क किसी भी दशा में न तो वापस किया जायेगा और न ही किसी अन्य कोर्स के लिए ट्रान्सफर अथवा समायोजित किया जायेगा ।

## आरक्षण

1. प्रवेश में आरक्षण उत्तर प्रदेश शासन के वर्तमान आरक्षण नियमों के अनुसार देय होगा।
2. आरक्षण संवर्ग- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए क्रमशः 15, 7.5 तथा 27 प्रतिशत स्थान (कुल 50 प्रतिशत) आरक्षित है। इस आरक्षण का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी को आवेदन-पत्र में यथास्थान अपने संवर्ग का चयन करना होगा। प्रवेश हेतु चुने गये अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय अपना मूल जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्य पिछड़े वर्ग के लिये 01 जुलाई 2023 के पूर्व निर्गत जाति प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा। केवल नवीन निर्धारित जाति प्रमाण-पत्र के प्रारूप पर बना प्रमाण-पत्र जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा आरक्षण का लाभ नहीं दिया जायेगा।
3. नियमानुसार आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को मिलेगा जो उत्तर प्रदेश राज्य के निवासी हों। अन्य राज्यों के अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी मे माने जाएंगे।

## क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)

1. दिव्यांग अभ्यर्थियों की सभी श्रेणियों (दृष्टिहीन/कम दृष्टि, श्रवण ह्रास एवं पालन निःशक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात) के लिये पृथक-पृथक एक-एक प्रतिशत (1%) स्थान परन्तु अधिकतम कुल 05 प्रतिशत स्थान सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है।
2. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों के लिए कुल 02 प्रतिशत तथा सैनिक/भूतपूर्व सैनिक/जम्मू व कश्मीर में तैनात सैनिक अथवा अर्द्धसैनिक आश्रित अथवा जम्मू व कश्मीर से विस्थापित नागरिकों के आश्रितों के लिए कुल 05 प्रतिशत सीट सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है। इन श्रेणियों में आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र ही मान्य होगा।
3. महिला अभ्यर्थियों हेतु 20 प्रतिशत स्थान सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है। महिलाओं के कुल आरक्षित सीट संख्या में से 02 प्रतिशत सीट विधवा/तलाकशुदा महिलाओं को सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है।

नोट- दिव्यांग अभ्यर्थियों को उनकी दिव्यांगता का परीक्षण करने के उपरान्त मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत किया गया प्रतिहस्ताक्षरित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना होगा तभी उन्हें दिव्यांग आरक्षण का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

## भारांक

1. प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता के आधार पर भारांक देय होगा। अभ्यर्थियों द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों में सम्मिलित होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर प्रवेश मेरिट में उन गतिविधियों के सम्मुख उल्लिखित अंक को जोड़कर वरीयता सूची जारीकी जाएगी।

## तालिका/Table: भारांकों की श्रेणी एवं निर्धारित भारांक

| श्रेणी | श्रेणी का विवरण | अंक |
|---|---|---|
| | **राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय या अन्तरविश्वविद्यालय / खेलकूद की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को** | |
| | (क) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को - | 20 अंक |
| | (ख) अखिल भारतीय अन्तविश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर पर एकल एवं टीम खेल-कूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को - | |
| | i. प्रथम स्थान प्राप्त करने पर | 15 अंक |
| | ii. द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर | 12 अंक |
| | iii. तृतीय स्थान प्राप्त करने पर | 10 अंक |
| | iv. प्रतिभाग करने पर | 08 अंक |
| **‘अ’** | (ग) अन्तविश्वविद्यालय (Zone) एवं राज्य स्तर पर एकल एवं टीम खेल-कूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को - | |
| | i. प्रथम स्थान प्राप्त करने पर | 10 अंक |
| | ii.द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर | 08 अंक |
| | iii. तृतीय स्थान प्राप्त करने पर | 06 अंक |
| | iv. प्रतिभाग करने पर | 04 अंक |
| | (घ) किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अन्तर्महाविद्यालयीय एकल एवं टीम प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को - | |
| | i. प्रथम स्थान प्राप्त करने पर | 05 अंक |
| | ii. द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर | 03 अंक |
| | iii तृतीय स्थान प्राप्त करने पर | 02 अंक |

| | | |
|---|---|---|
| | **नेशनल कैडेट कोर / राष्ट्रीय सेवा योजना / स्काउट एवं गाइड / रोवर्स व रेंजर्स के अभ्यर्थी** | |
| | 1- नेशनल कैडेट कोर में सी-प्रमाणपत्र पाने वाले पुरूष अभ्यर्थी तथा जी-2 प्रमाणपत्र पाने वाली महिला अभ्यर्थी | 15 अंक |
| | या | |
| | 2- नेशनल कैडेट कोर में ‘‘बी’’ प्रमाणपत्र पाने वाले पुरूष अभ्यर्थी तथा ‘जी-1’ प्रमाणपत्र पाने वाली महिला अभ्यर्थी | 10 अंक |
| | या | |
| | 3- राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा एवं 2 विशेष शिविर में भाग लेने वाले अभ्यर्थी | 15 अंक |
| | या | |
| | 4- राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा एवं 1 विशेष शिविर में भाग लेने वाले अभ्यर्थी | 10 अंक |
| | या | |
| ‘ब’ | 5- राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा करने वाले अभ्यर्थी | 05 अंक |
| | या | |
| | 6-स्काउट एवं गाइड्स अथवा रोवर्स / रेन्जर्स का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थी | 15 अंक |
| | या | |
| | 7- स्काउट एवं गाइड्स का राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त अथवा रोवर्स / रेन्जर्स निपुण अभ्यर्थी | 10 अंक |
| | या | |
| | 8- स्काउट एवं गाइड्स का गुरूपद अथवा रोवर्स / रेन्जर्स तृतीय सोपान में प्रवीण प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी | 05 अंक |
| | नोट- 1-उपरोक्त 1 से 8 के अंतर्गत गतिविधियों में से केवल एक ही गतिविधि का लाभ देय होगा। | |
| | 2-किसी भी क्रिया के लिये अस्थायी प्रमाणपत्र मान्य नहीं होगा। | |
| | 3-राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा से तात्पर्य दो शैक्षिक सत्रों में सदस्यता से है। | |

| नोट- | | |
|---|---|---|
| 1. यदि किसी अभ्यर्थी को उपरोक्त “अ” से “स” तक उल्लिखित गतिविधियों में 25 से अधिक अंक प्राप्त होते हैं तो उसे मात्र 25 अंक का ही लाभ दिया जायेगा इससे अधिक का नहीं । | | |
| 2. जो अभ्यर्थी भारांक प्राप्त करना चाहते हैं वे प्रवेश आवेदन-पत्र में यथास्थान भारांक अंकित करेंगे एवं सम्बन्धित प्रमाण-पत्र काउंसलिंग के समय ऑनलाइन अपलोड करेंगे । | | |
| 3. प्रवेश के समय उपर्युक्त भारांक के प्रमाण-पत्र की मूल प्रति अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत न करने पर देय भारांक को वरीयता सूची से घटाकर उसे यथास्थान अंकित किया जायेगा, जिससे अभ्यर्थी द्वारा वरीयता सूची में प्राप्त स्थान प्रभावित हो सकता है । | | |

# अन्य सामान्य नियम व अनुदेश

## प्रवेश काउन्सिलिंग हेतु आवश्यक निर्देश
## (Important Instruction for Enterance Counseling)

- प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग से संबंधित सभी सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsuadm.samarth.edu.in/index.php पर अपलोड की जायेगी।
- मेरिट सूची के अनुसार अभ्यर्थियों को काउन्सिलिंग हेतु बुलाया जायेगा। इसकी सूचना अभ्यर्थी के द्वारा आवेदन-पत्र में भरे गए मोबाइल नम्बर पर मैसेज / ईमेल द्वारा एवं विश्वविद्यालय की उपरोक्त वेबसाइट से प्रेषित की जायेगी। प्रवेश आवेदन फार्म भरते समय अभ्यर्थी अपना स्थायी मोबाइल नंबर या ई. मेल जरूर भरें जिससे उन्हें काउंसलिंग से सम्बंधित सूचना समय से प्राप्त हो सके।
- काउंसलिंग हेतु ऑनलाइन बुलाये गये अर्ह अभ्यर्थियों को ही दी गयी तिथि एवं समय के अनुसार काउंसलिंग हेतु उपस्थित होना होगा और अपने समस्त डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
- प्रवेश हेतु चुने गये अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग / EWS के अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय नवीनतम जाति एवं आय का मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्य पिछड़े वर्ग के लिए 01 जुलाई, 2023 के पूर्व निर्गत जाति प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग की विवाहित महिला अभ्यर्थी का जाति प्रमाण-पत्र पिता पक्ष (के नाम) एवं आय प्रमाण-पत्र पति पक्ष (के नाम) से बना होना चाहिए।
- आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) संवर्ग के अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत (EWS) का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- यदि अनुसूचित जनजाति की सीट प्रवेश के लिए रिक्त रह जाती है और उस श्रेणी में कोई अन्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं है तो उस सीट पर अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी को प्रवेश दिया जायेगा। किन्तु उक्त दोनो श्रेणी का कोई भी अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर रिक्त सीट को अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जायेगा।
- एल-एल0एम0 में प्रवेश के लिए एल0एल0बी0 में न्यूनतम 50% अंक (सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु) होना आवश्यक है तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए 45% अंक होना चाहिए।

- एल०एल०एम०में इस सत्र में केवल क्रिमिनल लॉ में विशिष्टता अध्ययन प्रदान किया जायेगा ।
- काउंसलिंग डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन के उपरान्त निर्धारित सीट के अनुसार अर्ह अभ्यर्थी की प्रवेश सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsuadm.samarth.edu.in/index.php पर अपलोड की जाएगी। अभ्यर्थी उपरोक्त वेबसाइट पर प्रवेश सूची का अवलोकन अवश्य करे एवं सूची से अपना नाम मिलान कर वेबसाइट पर दी गयी अंतिम तिथि तक शुल्क ऑनलाइन माध्यम से अवश्य जमा करें अन्यथा की स्थिति में अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।
- सात (07) वर्ष से अधिक शैक्षणिक अंतराल प्रवेश के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- समस्त शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा किया जाएगा ।
- प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन सम्पन्न होगी । विश्वविद्यालय किसी भी पाठ्यक्रम मे प्रवेश का अंतिम प्राधिकार सुरक्षित रखता है । Sarkari Result : SarkariResult.Com
- अभ्यर्थीगण उपर्युक्त समस्त निर्देश ठीक से पढ़ कर उसका पालन सुनिश्चित करेंगे ।

कुलसचिव

# Maharaja Suhel Dev University, Azamgarh











आजमगढ़, मंगलवार, 04 मार्च, 2025

Maharaja Suhel Dev University, Village - Aspalpur,
Post - Azambandh Basgit District - Azamgarh Uttar Pradesh 276128